दैनिक जागरण 09/09/2025

# पोस्टर मेकिंग में हैप्पी और स्लोगन राइटिंग में सैफी प्रथम



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी • विज्ञप्ति

**अंबाला • (विज्ञप्ति) :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग एवं इनक्यूबेशन क्लब ने उद्यमिता पखवाड़ा के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। यह आयोजन उद्यमिता योजना तथा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत हुआ। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हैप्पी धीमान (बीसीए) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुहानी (बीसीए) ने द्वितीय और विनीत (बीसीए) ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में सैफी सहारण (बीबीए) ने प्रथम, दीया ने द्वितीय और अमन (बीसीए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता में गौरव भारद्वाज (एमकाम) ने प्रथम, अदिति (बीए) ने द्वितीय और दशमीत कौर (बीए) ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।